झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति (विज्ञापन संख्या–04/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

विज्ञापन सं0–04/2018 अंतर्गत Geology एवं Music विषयों के लिए क्रमशः दिनांक–13.12.2022 एवं दिनांक–09.01.2024 तथा दिनांक–09.01.2024 को सम्पन्न अभिलेख सत्यापन के क्रम में विज्ञापन की कंडिका– 6(iv) के आलोक में साक्षात्कार आयोग कार्यालय में **दिनांक–12.06.2024** को पूर्वाह्न **10:30 बजे** से निर्धारित है। साक्षात्कार में बुलाये जा रहे अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार हेतु आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

उपर्युक्त द्वय विषयों के अलावे Oriya विषय हेतु दिनांक–09.01.2024 को सम्पन्न अभिलेख सत्यापन में आवश्यक संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए। इसके दृष्टिगत दिनांक–09.01.2024 को सम्पन्न अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के साथ–साथ अन्य अभ्यर्थियों के लिए अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में **दिनांक–11.06.2024** को निर्धारित है। आयोग कार्यालय में अभिलेख सत्यापन हेतु बुलाया जा रहा है। अभिलेख सत्यापन में बुलाये जा रहे अभ्यर्थियों की सूची एवं अभिलेख सत्यापन हेतु आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। पूर्व के सम्पन्न अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थी एवं इस अभिलेख सत्यापन में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों में से विज्ञापन की कंडिका– 6(iv) के आलोक में कोटिवार रिक्ति के 03 गुणा अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार आयोग कार्यालय में **दिनांक–12.06.2024** को पूर्वाह्न **10:30 बजे** से निर्धारित है। Oriya विषय के साक्षात्कार में बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार हेतु आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट पर **दिनांक–11.06.2024** को अपलोड किया जायेगा।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।